**भारत सरकार**

**पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या. 1475**

**दिनांक 01.01.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए**

राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत घरों को पेय जल की आपूर्ति

1475. श्री सुरेन्द्र सिंह नागरः

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि 12वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति हेतु पूर्ण तौर पर शामिल किए गए आवासों में केवल अत्यल्प वृद्धि हुई है और आंशिक तौर पर शामिल किए गए आवासों में कमी हुई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) लक्षित वृद्धि दर की तुलना में इस धीमी वृद्धि के क्या कारण हैं; और
(घ) उक्त अवधि के दौरान पेयजल प्रदान करने संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर पाने वाले राज्यों के नाम क्या हैं?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

**(श्री एस.एस. अहलूवालिया)**

(क) और (ख) मंत्रालय बसावटों की संख्या की दृष्टि से सूचना का रख-रखाव करता है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा मंत्रालय की एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर दी गई सूचना के अनुसार 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-2017) के दौरान पूर्णतः कवर बसावटों (अर्थात् प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 40 लीटर से अधिक की दर पर साफ पानी पाने वाले) और आंशिक रूप से कवर बसावटों (अर्थात् प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 40 लीटर से कम की दर पर पानी पाने वाले) का विवरण इस प्रकार हैः-

| वर्ष | पूर्णतः कवर बसावटों की संख्या | आंशिक रूप से कवर बसावटों की संख्या |
|---|---|---|
| 2012-13 ( 01.04.2012 तक) | 73.92 | 19.83 |
| 2016-17 (01.04.2017तक) | 76.78 | 18.89 |

उपर्युक्त तालिका में यह देखा जा सकता है कि 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान पूर्णतः कवर बसावटों का कवरेज 2.86% तक बढ़ गया है और आंशिक रूप से कवर बसावटों का कवरेज घटकर 0.94% हो गया है।

(ग) ग्रामीण पेयजल आपूर्ति राज्य का विषय है। एनआरडीडब्ल्यूपी के तहत राज्य, राज्य स्तरीय स्कीम संस्वीकृति समिति द्वारा अनुमोदित किए जाने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति स्कीमों की डिजाइन करने, उसकी आयोजना करने, उसे कार्यान्वित करने और निष्पादित करने हेतु शक्ति संपन्न है। अधिकांश राज्य एक विशेष वित्त वर्ष के दौरान तय अपने लक्ष्य को पाने में सफल रहे। तथापि, ग्रामीण बसावटों को पेयजल आपूर्ति से कवर करने में हुई धीमी बढ़त का कारण भौगोलिक दशाएं ही साथ प्रशासनिक कारणों जैसे कि बसावटों की और अधिक संख्या में बढ़त, पहले से कवर बसावटों का पूर्व स्थित में लौट आना, प्राकृतिक आपदाओं का प्रभाव, छुट-पुट बसे परिवार, दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र, पर्याप्त मात्रा में जल स्रोतों की अनुपलब्धता आदि होता है।

(घ) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा आईएमआईएस पर दी गई सूचना अनुसार 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान लक्ष्य और उपलब्धि का विवरण अनुलग्नक में है। यह देखा जा सकता है कि वर्ष 2014-15 को छोड़कर अधिकांश राज्य एक विशेष वित्त वर्ष के दौरान अपने तय लक्ष्य को प्राप्त कर पाए हैं।

अनुलग्नक

**01.01.2018 को उत्तर दिए जाने हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1475 के उत्तर के भाग (घ) में उल्लिखित अनुलग्नक**

| क्र.सं. | राज्य | 2012-13 | | 2013-14 | | 2014-15 | | 2015-16 | | 2016-17 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य (मंत्रालय अनुसार) (पीसी+क्यूए) | उपलब्धियां | लक्ष्य (मंत्रालय अनुसार) (पीसी+क्यूए) | उपलब्धियां | लक्ष्य (मंत्रालय अनुसार) (पीसी+क्यूए) | उपलब्धियां | लक्ष्य (मंत्रालय अनुसार) (पीसी+क्यूए) | उपलब्धियां | लक्ष्य (मंत्रालय अनुसार) (पीसी+क्यूए) | उपलब्धियां |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 0 | 5 | 0 | 5 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 5266 | 5699 | 5798 | 6379 | 2744 | 2819 | 980 | 1905 | 1005 | 1373 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 292 | 358 | 304 | 369 | 248 | 214 | 217 | 143 | 188 | 126 |
| 4 | असम | 7230 | 7110 | 7175 | 6552 | 9938 | 6399 | 3993 | 1659 | 1752 | 382 |
| 5 | बिहार | 15015 | 10960 | 13832 | 12787 | 13000 | 12236 | 5692 | 7189 | 7777 | 1289 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 10562 | 9111 | 10700 | 11832 | 10900 | 12173 | 3894 | 3670 | 4169 | 997 |
| 7 | गोवा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 2 | 0 |
| 8 | गुजरात | 1020 | 1856 | 1050 | 4085 | 1075 | 2509 | 961 | 1193 | 32 | 1605 |
| 9 | हरियाणा | 950 | 895 | 818 | 702 | 534 | 523 | 248 | 317 | 263 | 290 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 2530 | 2650 | 2500 | 2587 | 2500 | 2560 | 1115 | 1536 | 1300 | 938 |
| 11 | जम्मू एवं कश्मीर | 1067 | 1153 | 955 | 901 | 803 | 642 | 359 | 233 | 380 | 260 |
| 12 | झारखंड | 16546 | 17335 | 12132 | 12546 | 16535 | 9185 | 7307 | 1868 | 1430 | 3074 |
| 13 | कर्नाटक | 8245 | 13284 | 10378 | 17522 | 10003 | 15398 | 4551 | 19791 | 12000 | 17434 |
| 14 | केरल | 696 | 668 | 924 | 356 | 1000 | 221 | 429 | 432 | 463 | 291 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 16985 | 17483 | 13050 | 13858 | 10876 | 12378 | 5421 | 11478 | 338 | 7420 |
| 16 | महाराष्ट्र | 5754 | 4637 | 4713 | 4064 | 4200 | 3747 | 1611 | 1566 | 1955 | 1270 |
| 17 | मणिपुर | 250 | 197 | 250 | 260 | 200 | 224 | 52 | 80 | 50 | 103 |
| 18 | मेघालय | 580 | 510 | 616 | 549 | 200 | 285 | 280 | 242 | 110 | 82 |
| 19 | मिजोरम | 57 | 5 | 45 | 57 | 52 | 51 | 31 | 28 | 35 | 35 |
| 20 | नागालैंड | 101 | 178 | 85 | 155 | 120 | 190 | 24 | 168 | 54 | 167 |
| 21 | उड़ीसा | 9116 | 19484 | 13500 | 18447 | 13500 | 20521 | 8620 | 15224 | 9300 | 8196 |
| 22 | पुदुचेरी | 30 | 0 | 23 | 0 | 23 | 0 | 5 | 0 | 5 | 0 |
| 23 | पंजाब | 1473 | 617 | 1939 | 1227 | 1850 | 570 | 261 | 251 | 779 | 647 |
| 24 | राजस्थान | 2569 | 3943 | 2990 | 4244 | 3173 | 3513 | 1963 | 2763 | 2039 | 2908 |
| 25 | सिक्किम | 270 | 101 | 200 | 87 | 200 | 128 | 45 | 81 | 40 | 14 |
| 26 | तमिलनाडु | 6460 | 7203 | 6000 | 5742 | 4805 | 8622 | 1494 | 1390 | 3269 | 2910 |
| 27 | तेलंगाना | | | | | 2057 | 2143 | 802 | 1669 | 915 | 1121 |
| 28 | त्रिपुरा | 1052 | 1323 | 1178 | 1120 | 1382 | 1538 | 525 | 938 | 565 | 571 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 24000 | 23727 | 25000 | 22666 | 24500 | 10461 | 2334 | 4300 | 1354 | 1838 |
| 30 | उतराखंड | 1075 | 983 | 1083 | 988 | 1056 | 976 | 473 | 479 | 495 | 484 |
| 31 | पश्चिमी बंगाल | 2469 | 4236 | 4600 | 3347 | 4620 | 5891 | 2497 | 5295 | 4766 | 5217 |
| | कुल | **141660** | **155706** | **141838** | **153429** | **142098** | **136117** | **56191** | **85888** | **56835** | **61042** |

*(स्रोत: फॉर्मेट सी-14)*